Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 27-05-2022 | अंक 237

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# वन हमारे एवं वन्य प्राणियों के लिए क्यों है जरूरी, आइए जानते है

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**






प्राचीन काल से ही मनुष्य के जीवन में विशेष मुहत्व रखते थे। यह मानव जीवन के लिए प्राकृति के अनुपम आहार है। हमारे वन पेड़ पौधे ही नही अपितु अनेकों उपयोगी जीव – जंतुओं और औषोधियो का भंडार है। वन पृथ्वी पर जीवन के लिए अनिवार्य है या प्रकृति के संतुलन बनाए रखने में बहुत कारगर साबित होता है। प्राचीन काल से ही हमारे पूर्वजों, ऋषिमुनियों वा संतो के लिए वन तपस्या प्रमुख स्थान रहा है। वनों में अनेको प्रकार के पेड़ पौधे पाए जाते है। जो विभिन्न प्रकार से मानव के लिए उपयोगी है पीपल का वृक्ष हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि यह प्रचुर मात्रा में अ०क्सीजन में देकर मानव कल्याण का काम करता है। वैसे तो सभी वृक्ष दिन में अ०क्सीजन देते है जो जीवन के लिए आवश्यक तत्व है परंतु पीपल के वृक्ष में ऑक्सीजन प्रदान करने का अनुपात अन्य वृक्षों के तुलना में अधिक होता है। इसके अतिरिक्त नीम, बबुल, तुलसी, आवला एवं शमी आदि वृक्षों का औषधि के रूप में विशेष महत्व है। वन मनुष्य के लिए ही नही अपितु समस्त जीव जंतुओं के लिए आवश्यक है। इनसे प्रकृति को संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है। आज वनों के अधिक कटाई से कई जंतु विलुप्त हो गए है तथा उनके जंतुओं के लुप्त होने का खतरा उत्पन्न हो गया है। वहीं शेर की संख्या में निरंतर कमी आ रही है। जंगली हाथियों की भी संख्या लगातार घट रही है। यही हाल अन्य जंतुओं का भी है।

वन ऋतुचक्र एवं प्रकृति में संतुलन बनाए रखने में सक्षम होते है। वन अधिक वर्षा के समय मिट्टी के कटाव को रोकते है तथा उनकी उपजाऊ शक्ति को बनाए रखने में सहयोग करता है। परंतु मनुष्य मनुष्य की भी स्वार्थ लोलुपता एवं असंतोष की प्रवृति से दिन प्रतिदिन वृक्षों की संख्या के असंतुलन की संभावना उत्पन्न हो गई है। यही कारण है की भूमि का कटाव बढ़ रहा है। जिससे जलाशय दिन प्रतिदिन सूखते जा रहे है। पानी की इस निरंतर कमी से जलीय जंतुओं का अस्तित्व भी खतरे में पड़ रहा है।

पौधे पर्यावरण को शुद्ध रखने में प्रमुख भूमिका अदा करते है। घरों, मोटर – गाड़ियों वा कल कारखानों से निकली कार्बन डाइऑक्साइड को ये अवशोषित करते है। जिससे वातावरण में वायु प्रदूषण के नियंत्रण में काफी सहायता प्राप्त होती है। इस प्रकार पेड़ – पौधे पर्यावरण को सीधे रूप में प्रभावित करते है।

अतः पेड़ पौधे मनुष्य के लिए ही नही अपितु समस्त जंतुओं के लिए आवश्यक है। उनके आभाव में प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखना असम्भव है अतः यह हम सब के लिए आवश्यक है की वन की महत्त्व को समझे। यह महत्व पूर्ण कार्य सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। वृक्षारोपण कार्य को अधिक से अधिक विस्तार देना। चाहिए तथा वैसे वन जो उजड़ने के कगार पर है वहां वृक्षों के कटाव पर रोक लगा देनी चाहिए।

वृक्षारोपण के महत्व को उजागर करने के लिए छात्र जीवन से ही इसके महत्व को बताया जाना चाहिए । छात्रों को इसके लिए प्रोत्साहित करने हेतु समय – समय विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन करना चाहिए। एवं वन मानव जीवन के लिए ही नही अपितु सृष्टि के समस्त जीव जंतुओं के लिए भी महत्वपूर्ण है। यह प्राकृतिक संतुलन एवं पर्यावरण की सुरक्षा के लिए नितांत आवश्यक है। वन प्रकृति के जीवो के लिए महत्वपूर्ण योगदान है। इस अमूल्य निधि को सुरक्षित रखना हम सबका दायित्व बनता है। वन संरक्षण हम सबकी एक जरूरत है। वनों का कटाव मानव सभ्यता के लिए एक गंभीर खतरा हो सकता है अतः प्रकृति एवं अपने जीवन में हरियाली कायम रखने के लिए वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान देना चाहिए

APEM LIVE

" घने – प्रेम तरु तले बैठ छांह लो भव – आतप से तापित और जले

छाया है विश्वास की श्रद्धा सरिता कुल, सिंची आंसुओं से मृदुल है यह पारागमय धूल, यहां कौन जो छले

## पंचायत चुनाव खत्म होते ही बरही से गायब हुए समाजसेवी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही यकीन मानिए बरही से श्समाजसेवियोंश की एक फौज अचानक गायब हो गई है। यह लोग लोगो की सेवा में अपने आपको तत्पर बताते थे। छोटी छोटी समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन करने और जाम लगाने तक का कदम उठा लेते थे। लेकिन अब ऐसे सभी सेवक बरही से गायब हो गए है। जबकि कुछ दिन पहले तक कोई गांवो का दौरा करके स्थानीय युवाओं को रोजगार दिलाने की लड़ाई लड़ रहा था तो कोई किसी के लिए मसीहा बने फिर रहे थे। कोई अपने जातीय असीमता की दुहाई दे रहा था तो कोई गली कूचे की समस्याओं को लेकर शहर के चौक चौराहों को जाम कर हीरो बनने की कोशिश में जुटा हुआ था। दरअसल, इनका मकसद समाजसेवा का नाटक कर राजनीतिक दुनिया में अपना कदम जमाना था। ये कथित समाजसेवा भूमिगत होते गए कुछ व्यक्ति चुनाव से अपना नाम वापस लेकर और कुछ चुनाव हारने के बाद। अब इन सेवको से सेवा की आस रखने वाली जनता के सामने उनका असली चेहरा आ गया है। ऐसा लग रहा है की शहर में न तो समस्याएं रही और न ही उनका निदान करवाने वाले समाजसेवी कुछ लोगो का मानना है की अब यह लोग विधानसभा चुनाव नजदीक होने के समय देखने को मिलेंगे। साथ ही साथ कुछ लोगो का कहना है की चुनाव खत्म होने के बाद दिखावा और ड्रामा करने के लिए जाम लगाने और धरना प्रदर्शन करने वालो से राहत मिल गई। क्योंकि ऐसे सारे लोग इस समय शांत बैठ गए है।

## वट सावित्री पूजा के लिए महिलाओं ने चंदा इकट्ठा कर वट वृक्ष की जमीन को कराया समतल

### ग्रामीण नरेश एवं सुजल ने किया श्रमदान, मिली सराहना

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के लस्करी में वट सावित्री पूजा के लिए लिए तैयारी की जा रही है। ग्रामीणों के श्रमदान से वट वृक्ष की भूमि को समतल किया गया। विदित हो की वट वृक्ष के आस पास दो दो फीट गड्ढे बने हुए थे। जिससे महिलाओं को वट वृक्ष के का परिक्रमा करने एवं पूजा करने में बहुत समस्या उत्पन्न होती थी। इस समस्या से निजात पाने के लिए महिलाओं ने पैसा इकट्ठा कर चार ट्रैक्टर मिट्टी गिराया। वहीं लसकरी के युवा समाजसेवी नरेश कुमार और सुजल ने घंटो तक श्रमदान कर समतल किया। ताकि महिलाओं को पूजा करने में कोई समस्या उत्पन्न न हो। वहीं इस पुनीत कार्य के लिए मं. हलवाओ ने दोनो युवाओं का आभार प्रकट किया है। मौके पर सोबरन प्रजापति, शंकर कुमार, सन्नी कुमार, अभय कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे।

## ससुरालवालों पर लगा विवाहित को जलाकर मारने का आरोप

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

चलकुशा :–थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अलगडीहा मायके वालों पर लगा विवाहित को जलाकर मारने का मामला प्रकाश में आया हैं। इस मामले में चलकुशा थाना कांड संख्या 22/22 हैं। घटना 25 मई की दोपहर 3 बजे की हैं। घटना की सूचना थाना प्रभारी धनन्जय सिंह को मिलते ही थाना प्रभारी ने निजी वाहन से पीड़िता को इलाज हेतु सदर कोडरमा भेज दिया गया। जंहा चिकिस्तकों द्वारा उपचार कर बेहतर इलाज हेतु राँची रिम्स रेफर कर दिया गया। जंहा श्रुति देवी की मौत हो गई। इस मामले छः लोगों को आरोपी बनाया गया।

APEM LIVE

## प्रधानमंत्री इंदिरा आवास के नाम पर जनता किसी को न दे कोई चढ़ावा : बरही बीडीओ

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिल रहा है कि भोली भाली जनता को ठगने के लिए बिचौलिऑं द्वारा प्रधानमंत्री इंदिरा आवास के नाम पर उगाही का कार्य करते है, अगर ऐसा हो रहा है तो बिल्कुल गलत है, आम जनता ऐसे बिचौलिऑं के चक्कर मे न पड़े और किसी प्रकार का चढ़ावा किसी को न दे अगर प्रधानमंत्री आवास योजना आपके नाम से स्वीकृत हुआ है तो उसका पैसा आपको मिलेगा, इसके लिए किसी को किसी प्रकार का चढ़ावा देने की जरूरत नही है।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## वन क्षेत्र पदाधिकारी ने कोयला लदा एक पिकअप वैन व दो मोटरसाइकिल किया जप्त , तीन अभियुक्त भेजे गए जेल

### अवैध उत्खनन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा निरंतर छापामारी जारी रहेगी : छोटेलाल शाह

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल पदा. धिकारी आर एन मिश्रा के निर्देश पर शैलेंद्र सिंह, प्रशिक्षु आई एफ एस ए के प्रभार सहायक बड़कागांव वन संरक्षक रेंजर छोटेलाल शाह व वन कर्मियों द्वारा मल्टी जंगल से हो रहे अवैध कोयला खनन कार्यों का छापामारी किया गया। छापामारी के दौरान एक पिकअप वाहन जिसका नंबर अंकित नहीं था। बड़कागांव मलडी जंगल से पिकअप वैन में लगभग डेढ़ सौ बोरी कोयला लोड कर भाग निकलने का प्रयास कर रहे थे। जिस पर बड़कागांव रेंजर छोटे लाल शाह के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त वाहन को लगभग 50 किलोमीटर दूरी पीछा कर चतरा इटखोरी में पकड़ा गया । इसके अलावा दूसरे छापेमारी में दौरान बंद बोरी में लगभग दो – दो क्विंटल कोयला लादकर जा रहे दो मोटरसाइकिल भी जप्त कर लिया गया। इस अवैध कार्यो में लगे कुल तीन अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वहीं रेंजर छोटे लाल शाह ने कहा कि वन पदाधिकारी एवं वन कर्मियों के द्वारा अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन पर रो. कथाम की चौकसी की जा रही है। जिसमें किसी भी हालत में अवैध खनन करने वाले अपराधियों को बक्सा नहीं जाएगा। इन दिनों वन विभाग के पदाधिकारियों का लगातार छापामारी इन जारी है जिस पर पकड़े जाने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जा रही है।

## बाइक दुर्घटना में तीन घायल, हजारीबाग रेफर

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



चौपारण : प्रखण्ड के बसरिया रोड मे हुए बाइक दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। घायल तीनो को बेहतर उपचार के लिए हजारीबाग भेज दिया गया,चौपारण प्रखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कर रहें चिकित्सक डॉ दिनेश कुमार एकलव्य ने कहा कि तीनों बाइक में सवार हो कर पाण्डेयबारा से घरसरी भगहर भंडार जा रहें थें की इसी बीच रास्तें में एकाएक जानवर आ गया जिससे बाइक टकरा गया , टक्कर इतना जबरदस्त था कि बाइक में सवार तीनो लोग एक गड्ढ़े में जा गिरें , जिससे गम्भीररूप से घायल हो गया , तीनों घायलों सियाराम कुमार उम्र 20 वर्ष मुनिया देवी उम्र 35 वर्ष मौसी मालिया देवी उम्र 50 वर्ष गम्भीररूप से घायल हो गया । एम्बुलेंस के सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौपारण लाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने तीनों को गम्भीर स्थिति को देखते हुए हजारीबाग रेफर कर दिया।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का चर्तुथ चरण शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2022के चर्तुथ और अंतिम चरण का मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। आज गिरिडीह जिला के तीन प्रखंडो बगोदर, डुमरी और पीरटांड़ में मतदान हुआ। दो प्रखंड पीरटांड़ और डुमरी अति उग्रवादग्रस्त क्षैत्र है जहां पंचायत चुनाव के पूर्व नक्सलियों ने कई बार चुनाव बहिष्कार करने को लेकर पोस्टर चिपकाए और जगह जगह पर्चा छोड़े। गिरिडीह जिला प्रशासन ने इसे चुनौती के रुप में लेते हुए बगैर किसी अप्रिय घटना के पंचायत चुनाव संपन्न करवाकर नक्सलियों के मनसूबों पर पानी फेर दिया। लोग बेखौफ होकर घर से निकले और मतदान केंद्र पर पहूंच कर मतदान किया। जिला प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था के बीच बगोदर प्रखंड में 68.21:, डुमरी प्रखंड में 70.74:और पीरटांड़ प्रखंड में 70.28:मतदान हुआ। गांव की सरकार बनाने के लिए महिलाओं ने जमकर मतदान किया। मतदान का औसत 69. 81: रहा। शांतिपूर्ण ढंग से मतदान करवाने में सफल हुआ और राहत की सांस ली।

## पीरटांड़,डुमरी,बगोदर,में शांतिपूर्ण मतदान हुआ

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



गिरीडीह :-पीरटांड़, डुमरी, बगोदर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव बहुत शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ।पीरटांड़ के कुम्हरलालो,पालगंज, नावाडीह,में सुबह 7 बजे से ही मतदाता अपने मत का प्रयोग करने के लिए लाइन में खड़े थे।सभी अपने मत के लिए लाइन में लगकर शान्तिपूर्ण से मतदान किया।कठवारा के मतदाताओं ने कहा पहले मतदान उसके बाद जलपान।पीरटांड़ में महिलाओं ने काफी गर्मजोसी से मतदान किया।काफी धूप और गर्मी होने के बाबजूद ग्रामीणों ने मतदान किया।कहि कहि हल्की फुल्की प्रतयाशी ने हंगामा किया।लेकिन सुरक्षा पर लगे जवनो ने मोर्चा संभाला।लगभग 3 बजे तक निर्धारित समय पर सभी मतदान कर्मी मतपेटियां शील किया।

## दिनदहाड़े अपराधियों ने सम्राट बस मालिक राजू खान पर चलाई गोली

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह शहर के बक्शीडीह रोड पर स्थित कांग्रेस अ०फिस के सामने रोड पर शुक्रवार 27मई को दिनदहाड़े सम्राट बस मालिक राजू खान पर दो बाइक सवार अपराधियो द्वारा गोली चलाने की घटना प्रकाश में आया है। बस मालिक राजू खान ने कहा कि वे बस स्टैंड से अपने आवास भंडारीडीह स्वयं कार ड्राइव कर जा रहे थे तभी कांग्रेस अ०फिस के पास दो बाइक सवार अपराधियो ने मुझ पर गोली चला दी। गोली दनादन चलाते हुए आगे निकल गए मैंने कार के अंदर अपने आप को किसी तरह सुरक्षित रखा। एक गोली गाड़ी की शीशा तोड़ते हुए बाहर निकल गई और बाकी गोली गाड़ी के ब०डी और शीट में धंस गई। शायद हमलावरों कि गोली खत्म हो गई थी इसलिए आगे बढ़ गए मैंने अपनी कार जहों का तहीं खडा रखा। एक अपराधी बाइक से उतर कर मैं जिंदा हूं कि मर गया देखने आया जैसे ही मुझे सही सलामत देखा बाइक पर सवार होकर फरार हो गया। गोली कार में लगी जिसके चलते मै बाल बाल बच गया। घटना की सूचना पाकर नगर थाना प्रभारी आरएन चौधरी घटना स्थल पर पहुंचे और सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में जुट गए। पूरी घटना पर स्वयं नज़र बनाए हुए हैं नगर थाना प्रभारी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान की जा रही है।

## फोन की घंटी... बजते ही... महज 10 मिनट में कराई 6 वर्षीय बच्चे को रक्त उपलब्ध...

### रक्तदाता कुशल सिंह के जज्बे को सलाम :– रितेश खण्डेलवाल

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**रितेश खण्डेलवाल**



हजारीबाग :– बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा प्रतिदिन जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराई जा रही है उसी क्रम में बोकारो फुसरो निवासी संतोष पासवान के सुपुत्र पवन पासवान 6 वर्षीय रक्त की कमी के कारण हजारीबाग के एच.एम.सी.एच में इलाजरत के दौरान रक्त की कमी होने पर चिकित्सकों के द्वारा तत्काल रक्त उपलब्ध कराने को लेकर परिजनों को सूचना दी गई। जिसके पश्चात परिजनों ने आनन–फानन में कहीं रक्त उपलब्ध ना होने पर बड़ा बाजार यूथ विंग के पदाधिकारी रितेश खंडेलवाल से संपर्क किया। जिसके बाद ओकनी निवासी कुशल सिंह अपने मित्र मंडली के साथ एचएमसीएच पहुंचकर रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। महज 10 मिनट मे बड़ा बाजार यूथ विंग ने उन्हें रक्त उपलब्ध करवा दिया। मौके पर रितेश खंडेलवाल ने कहा कि बड़ा बाजार यूथ विंग लोगों को अपनी सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं आज बोकारो निवासी के द्वारा जानकारी प्राप्त के पश्चात हमारी टीम ने उन्हें 10 मिनट में रक्त उपलब्ध कराया है। रक्तदाता कुशल सिंह के जज्बे को बड़ा बाजार यूथ विंग सलाम करती है।




APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)-सह-उपायुक्त, ने बगोदर स्थित बज्रगृह एवं मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत) सह उपायुक्त श्री नमन प्रियेश लकड़ा ने जिला अंतर्गत उग्रवाद प्रभावित बगोदर प्रखंड स्थित स्ट्रांग रूम व मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने चतुर्थ चरण के मतदान हेतु प्रखंड क्षेत्र के लिए बने वज्रगृह, मतगणना केंद्र का निरीक्षण कर संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिकोण से लगाये गए सीसीटीवी का भी निरीक्षण किया। कहा कि बज्रगृह की सुरक्षा में सुरक्षाकर्मियों की पर्याप्त संख्या में तैनाती की गई है। बज्रगृह व मतगणना स्थल के पास पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। साथ ही अधिकारियों और मीडिया कर्मियों के लिए प्रवेश के रास्तों के साथ उम्मीदवारो के आनेजाने के रास्तों को भी चिन्हित किया गया है। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने गुड़गुड़ियाटांड़ मतदान केंद्र एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय डोंदलो का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था का जायजा लिया। आज त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2022 के चौथे एवं अंतिम चरण में मतदान शांतिपूर्ण तरीके से सभी बूथों पर आरंभ हो कर दिन के तीन बजे तक चला। मतदाता कतारबद्ध होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं दंडाधिक. ारियों की प्रतिनियुक्ति की गई।जिला निर्वाचन पदा. धिकारी ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि मतदाता अपने मता. धिकार का प्रयोग अवश्य करें एवं इस लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता अवश्य सु. निश्चित करें। उन्होंने बताया कि मतदान का समय प्रातः 7:00 बजे से अपराहन 3:00 बजे तक निर्धारित है इस समय अवधि में अपने निर्धारित मतदान केंद्रों पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

## बड़कागांव में शांतिपूर्वक पंचायत चुनाव संपन्न बढ़-चढ़कर 75.66: मतदाताओं ने किया मतदान

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**












बड़कागांव : प्रखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। चुनाव को लेकर मतदाताओं में काफी उत्साह देखी गई सुबह 7 बजे से ही लोग मतदान करने के लिए मतदान केंद्रों पर कतार में खड़े थे ।सभी प्रत्याशी मतदान के लिए अपने-अपने समर्थकों को मतदान केंद्रों पर लाने के लिए जुगाड़ में लगे हुए थे। मतदान करने वालों में युवा से लेकर बुजुर्ग तक लोगों में काफी उत्साह देखी गई। प्रखंड में कुल 75 . 66प्रतिशत मतदाता ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया । पंचायत चुनाव को लेकर जिला प्रशासन की टीम बड़कागांव प्रखंड पहुंच कर मतदान केंद्रों पर जाकर चुनाव कार्य एवं विधि व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए मतदाताओं से शांतिपूर्वक मतदान करने की अपील करते हुए नजर आए। पूरे प्रखंड में शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराई गई।प्रखंड में 1,02, 999 मतदाता है जिसमें 75.66: मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। प्रखंड में सभी पदों के लिए कुल 708 प्रत्याशि मैदान में थे। सभी का किस्मत बैलट बo्क्स में बंद हो चुका है। 31 मई को भाग का फैसला होना निर्धारित है 708 प्रत्याशियों का भाग्य बैलट बo्क्स में बंद। प्रखंड के 23 पंचायत में 23 मुखिया पद के लिए 160 प्रत्याशी, 27 पंचायत समिति सदस्य के लिए लगभग 100 प्रत्याशी, बड़कागांव पश्चिमी ,बड़कागांव मध्य , बड़कागांव पूर्वी कुल 3 जिला परिषद क्षेत्र के लिए 23 प्रत्याशी एवं 170 वार्ड सदस्य पद के लिए 425 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।104 वार्ड सदस्य पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। बड़कागांव पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र में 12 प्रत्याशी , बड़कागांव मध्य जिला परिषद क्षेत्र में 6 प्रत्याशी एवं पूर्वी जिला परिषद क्षेत्र में 5 प्रत्याशी मैदान में है।पंचायत चुनाव में 18 वर्ष युवा से लेकर से लेकर 105 वर्ष तक के बुजुर्गों तक ने अपने मता. धिकार का प्रयोग किया अपनी सबसे अधिक उम्र के बादम पंचायत के वार्ड नंबर 3 में 105 वर्षीय मोहम्मद अलाउद्दीन के अलावा 103 वर्षीय उतिन प्रजापति के अलावा प्रखंड के कई बूथों पर बुजुर्गो ने मतदान में हिस्सा लिया । प्रखंड में शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने को लेकर हजारीबाग जिला प्रशासन की टीम डीसी नैंसी सहाय पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे डीडीसी प्रेरणा दीक्षित के अलावा अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी कैंप कर रखें थे। मतदान केंद्रों पर जा जाकर पदाधिकारियों ने चुनाव कार्य एवं शांति व्यवस्था का जायजा लेते रहे। इनके अलावा प्रखंड में शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने में निर्वाचि पदाधिकारी प्रभात भूषण सिंह, जितेंद्र कुमार पांडे , एसडीपीओ अमित कुमार सिंह ,इंस्पेक्टर श्याम चंद्र सिंह ,थाना प्रभारी विनोद तिर्की , एस आई अजीत कुमार ,बिरेंद्र उराँव ,चनेश्वर किस्कु, रवि रंजन ,भास्कर राज के अलावा प्रखंड एवं अंचल के तमाम कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा।

## भाकपा माले नेता कॉमरेड राजेश सिन्हा ने जिला प्रशासन पर उठाए सवाल, आम जनता से मांगी सहयोग

### सुरक्षा पर खुद ध्यान दें,किसी पर विश्वास करना हानि दे सकता है-आज कल गुंडे के सहयोगी बड़े लोग है-भाकपा माले नेता राजेश सिन्हा


**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह शहर के हरेक मुहल्ला के सभी मोड़ पर लगवाए आपसी सहयोग से सी सी टी वी-सरकार का और विभाग का इंतजार छोड़े वरना,हो सकता है बड़ा हादसा ।, सी सी टी वी कैमरा से प्रशासन को मिलेगी मदद, जान माल आपका भी होगा सुरक्षित आएं आगे और बढ़ाएं एक कदम गिरिडीह की सुरक्षा की ओर।सम्राट बस के मालिक राजू खान पर दिनदहाड़े बेख़ौफ अपराधियों द्वारा गोली चलाना गिरिडीह शहर वासियों के अलावे पूरे गिरिडीह जिला के लिए अत्यंत चिंतनीय विषय और खेद की बात है,माले इसकी कड़ी निंदा करती है।शहर में बढ़ते अपराध के पीछे का सच,यहीं है कि प्रशासन की नकेल ढीली पड़ी है कारण बिना मतलब का भी रा. जनीतिक पार्टीयों का दबाब प्रशासन पर पड़ने लगता है,अपराधी किस्म के लोग,राजनीतिक पार्टियों से माला पहनने लगे है, इसपर मंथन की आवश्यकता है। शहरी और मुफ़्फ़सील क्षेत्रों में जिस प्रकार लूट, चोरी, छिनतई, बाइक चोरी आदि वारदाते होती है,जब प्रशासन पकड़ती है शक के आधार पर तो तुरंत बड़े राजनीतिक पार्टी का फ़ोन आ जाता है छोड़ने के लिए,इसलिए अपराधी का मन बढ़ा हुआ है,इसके पीछे का सच यही है कि दूसरे दल के एकाध नेता जी इस प्रकार के गुंडे मवाली को साथ रखना चाहते है,अपराधी किस्म के लोगो को माला पहना कर मनोबल बढ़ाया जाता है,शहर तो अशांत होगा ही। जिला प्रशासन शक के आधार पर इसलिए पकड़ती है ताकि अपराधी तक पहुँचा जा सके,यही प्रोसेस है,कोई जनप्रातिनिधि यदि पैरवी करते है तो छुडवाने के लिए प्रशासन पर दबाब न बनाये बल्कि बिना सबूत के उसको पुलिसिया मार न पड़े, इसका पहल करें न कि बिना जाने तत्काल छुड़वाने का पहल करें। जिला प्रशासन यह भी पता करें हथियार का सप्लाय कौन और कैसे किया जा रहा है।

## नमन दीप पब्लिक स्कूल के नए भवन का जनप्रतिनिधियों ने संयुक्तरूप से किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



चौपारण : प्रखण्ड के दनुवा में दस वर्षो से संच. ालित नमन दीप पब्लिक स्कूल के नवनिर्मित नए भवन का उद्घाटन शुक्रवार को किया गया। नए भवन का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य चौपारण भाग 1 के राकेश रंजन , चोरदाहा पंचयात की मुखिया अर्चना हेम्ब्रम , पड़ोसी राज्य बिहार के ग्राम पंचायत भलुआ के मुखिया प्रतिनिधि जगदीश यादव, भाजपा पश्चिमी मण्डल के ओबीसी मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष राजकुमार यादव, पंचयात झापा समाजसेवी सुरेंद्र पांडेय, प्रमोद कुमार, सुरेंद्र प्रसाद केशरी निर्वतमान वार्ड सदस्य मुनिया देवी ,वार्ड सदस्य प्रभु यादव सहित अन्य ने संयुक्त रूप से फीता काट व मां सरस्वती एवं सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तस्वीर पर आए माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर मुख्य अतिथि जीप सदस्य राकेश रंजन व मुखीया अर्चना हेम्ब्रेम के द्वारा बच्चों को पुरस्कृत कर उनके मनोबल को बढ़ाया। वहीं मुख्यातिथि ने कहा कि किसी भी विद्यालय की आत्मा वहां के नौनिहालों को मिलने वाली शिक्षा से ही होती है। वहां के बच्चे कितने मेधावी व अनुशासित हैं यही विद्यालय व वहां के शिक्षकों की पहचान होती है। संचालक सन्तोष केशरी व प्राचार्य सतीश केशरी ने कहा कि क्षेत्र के गरीब व मेधावी बच्चों को कम शुल्क में बेहतर शिक्षा मुहैया कराना ही विद्यालय का मूल उद्देश्य है। उद्घाटन समरोह के मौके पे मुख्यातिथि के अलावे अभिभावक वृज मोहन प्रसाद केशरी, प्रकाश केशरी ,तुलसी यादव ,मो0 पिंकु आलम ,मो0 साविर आलम, पिन्टु कुमार विश्वर्कमा , कृष्ण भुईयां ,अमित हेम्ब्रम के अलावे शिक्षक मोनिका कुमारी, रंजन कुमार रजक,बसंत दास, मनोज कुमार यादव उपस्तिथ थे।




डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार    सहयोगी: सोनू पंडित,    एडिटिंग- सोनू पंडित    मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार